# बिहार सरकार
## आपदा प्रबंधन विभाग
## (बिहार राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र)

## प्रेष विज्ञप्ति

**दिनांकः 21.06.2025**
**समयः 11.00 बजे पूर्वा0**

विगत् दिनों में झारखण्ड राज्य में हुई बारिश से **फल्गू नदी** के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण **उदेरास्थान बराज,** जहानाबाद से दिनांक 19.06.2025 को **73 हजार क्यूसेक** से उपर पानी छोड़ा गया, जिसके फलस्वरूप **नालन्दा जिले के प्रखण्ड हिलसा, करायपरसुराय एवं एकंगरसराय में कई जगहों पर तटबंधों में कटाव के कारण आस–पास के गाँवों में पानी फैल गया है।**

नालंदा जिला में राहत एवं बचाव कार्य हेतु **एन0डी0आर0एफ0 की 02 टीम** उपलब्ध है। प्रभावित परिवारों के बीच **ड्राई राशन पैकेट एवं पॉलीथीन शीट्स** का वितरण किया गया है। साथ ही **एकंगरसराय प्रखण्ड** अन्तर्गत बेलदारी बिगहा मंडास पंचायत एवं **हिलसा प्रखण्ड** अन्तर्गत कोरामा पंचायत में एक–एक **सामुदायिक रसोई केन्द्र** के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की गई है।

**स्थिति नियंत्रण में है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है।**




एकंगरसराय




हिलसा